**बिहार सरकार** 636(6B) / 30/07/26

**स्वास्थ्य विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य के निजी प्रक्षेत्र में ए0एन0एम0, जी0एन0एम0, बी0एस0सी0 नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग तथा एम0एस0सी0 नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान की अनुमति एवं मान्यता प्रदान करने से संबंधित कार्रवाई Online करने का निर्णय लिया गया है तथा इस निमित पोर्टल http://bnrc2.bihar.gov.in विकसित किया गया है।

2–नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान की अनुमति एवं मान्यता हेतु आवेदन उक्त पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। साथ ही अनुमति एवं मान्यता हेतु पूर्व से समर्पित आवेदन के ऐसे सभी मामले जिसमें विभाग से अनुमति नहीं दी गई है अथवा अनुमति प्रदान करने के उपरान्त निरीक्षण हेतु शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है वैसे सभी आवेदन को पुनः नये सिरे से उक्त पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पोर्टल पर आवेदन करने हेतु Manual विभागीय वेबसाईट पर अपलोड है जिसे देखा जा सकता है।

3–उक्त पोर्टल पर नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान की अनुमति एवं मान्यता हेतु आवेदन दिनांक–01.08.2026 से दिनांक–31.08.2026 तक किया जायेगा।

4–वर्तमान में मान्यता प्राप्त सभी नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थानों को उक्त पोर्टल पर दिनांक–01.08.2026 से दिनांक–15.08.2026 तक डाटा अपलोड करना होगा, तदोपरान्त दिनांक–15.08.2026 से दिनांक–31.08.2026 तक सीट वृद्धि अथवा मान्यता वृद्धि हेतु आवेदन करना होगा।

ह0/- 29/07/2026

(मृणायक दास)

सरकार के अपर सचिव।

**ज्ञापांक** :–6B/N-08-06/2026- 636(6B) पटना, दिनांक 30/07/2026

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। निदेशित है कि उक्त सूचना को विभागीय बेवसाईट पर अविलंब अपलोड किया जाय।

ह0/- 29/07/2026

सरकार के अपर सचिव।